कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013 , Email:- commnngm-uda-rj@nic.in, website:- www.udaipurmc.org

क्रमांकः– आ.जा./24-25/146 दिनांकः– 15.2.25

कार्यालय आदेश

भवन निर्माण स्वीकृति के वर्तमान में विभाग स्तर पर कुल 119 प्रकरण लम्बित है। जिसमें 85 प्रकरण 60 दिन से अधिक समय से लम्बित है। स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर द्वारा ऑनलाईन भवन निर्माण स्वीकृति के आवेदनों का निस्ताण 60 दिन में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु वर्तमान में कुल 85 प्रकरण 60 दिवस से ज्यादा समय से लम्बित है जो स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की अव्हेलना है तथा आवेदक को अनावश्यक परेशानी होती है।

अतः उपनगर नियोजक को निर्देशित किया जाता है कि 60 दिवस से अधिक समय से लम्बित 85 प्रकरणों का आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से निस्तारण करें। इस हेतु आवेदनकर्ता से सम्पर्क कर समस्त सहायक नगर नियोजक, नगर नियोजक सहायक, कनिष्ठ अभियंता की उपस्थिति में संयुक्त बैठक कर आगामी 15 दिवस में समस्त 85 प्रकरणों का निस्तारण करें तथा भविष्य में भवन निर्माण स्वीकृति के समस्त प्रकरणों को 60 दिवस अवधि से पूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करे।

(राम प्रकाश) IAS
आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं पालनार्थ :–

1. अधिशाषी अभियंता (विद्युत), प्रभारी अधिकारी UMC WEBSITE को सूचनार्थ।
2. उपनगर नियोजक, नगर निगम, उदयपुर।
3. सहायक नगर नियोजक (समस्त), नगर निगम, उदयपुर।
4. नगर नियोजन सहायक/कनिष्ठ अभियंता, नगर निगम, उदयपुर।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, नगर निगम, उदयपुर।

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर